दिनांक 20.08.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

डेंगू नियंत्रण के लिए महिलाओं ने निकाली जागरुकता रैली, प्रभावित क्षेत्रों में निगम चला रहा सघन अभियान

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा जलजनित बीमारियों से बचाव एवं डेंगू जैसे महामारी से बचने के लिए निगम क्षेत्र के सम्पूर्ण वार्ड में टेमीफास का वितरण कर मच्छर के लार्वा को समाप्त करने के उपाय लोगों को बताये जा रहें है तथा इस कार्य में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानीन, महिला आरोग्य समिति के सदस्य भी घर-घर घुमकर कूलर , टंकी, केन्टेनर, टायर में जमे बरसाती पानी को खाली करवाने का कार्य कर रही है। निगम का स्वास्थ्य अमला शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला के साथ मिलकर वार्ड 16 ढ़ांचा भवन कुरुद एवं पुरानी बस्ती मंगल बाजार कोहका वार्ड 09 में पहुंचकर बरसाती जल जो गमले सहित अन्य अनुपयोगी पात्र पर भरे हुए हैं उसे खाली करवाया गया है। निगम का अमला वार्ड के प्रत्येक घरों में टेमीफास का बाटल भी प्रदान कर रही है। जिसे जमे पानी पर डालकर मच्छर के लार्वा को खतम किया जा सकता है।

आज ढ़ांचा भवन कुरुद वार्ड 16 में 260 परिवारों से मिलकर 47 कूलरों में टेमीफास का छिड़काव किया गया, एवं जनजागरुकता हेतु 260 पाम्पलेट का वितरण किया गया 26 मरीजों की जांच की गई और 17 लोगों का रक्त पट्टिका तैयार कर लैब भेजा गया है। इसी प्रकार पुरानी बस्ती कोहका वार्ड 09 में 305 परिवारों से मिलकर 52 कूलरों में टेमीफास का छिड़काव किया गया, 24 मरीजों की जांच की गई जिसमें से 8 लोगों की रक्त पट्टिका तैयार कर लैब भेजा गया एवं जन जागरुकता हेतु 260 पाम्पलेट का वितरण किया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी